GSTIN : 23AACCK4616K4ZK
CIN No. L24124RJ2004PLC019288
www.krishnaphoschem.com
accounts@krishnaphoschem.com

OGI OSTWAL

**KRISHANA PHOSCHEM LIMITED**

(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 30.07.2024

To,
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

**Sub: Submission of Newspaper Cutting of Un-Audited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2024**

Please find enclosed herewith extract of newspaper advertisement published for Un-Audited Financial Results for the quarter ended on 30th June, 2024 at the meeting of the board held on Monday the 29th July, 2024, published in two newspapers viz. The Financial Express (English Edition), Business Remedies and Nafa Nuksan (Hindi Edition) on 30th July, 2024 in terms of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and record.

**For Krishana Phoschem Limited**

ANKIT MUNDRA
Digitally signed by ANKIT MUNDRA
Date: 2024.07.30 15:20:29 +05'30'

**(Ankit Mundra)**
**Company Secretary**
**A-67949**

Date: 30.07.2024

Place Bhilwara

# आज खुलेगा 'बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड' का आईपीओ

## निवेशक 1 अगस्त 2024 तक कर सकेंगें कंपनी के आईपीओ में आवेदन

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** अहमदाबाद आधारित 'बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड' फूड-ग्रेड फ्लेक्सिबल इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर बैग का उत्पादन और वितरण करने वाली प्रमुख कंपनी है कंपनी द्वारा पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 1 अगस्त को बंद होगा।

**यह करती है कंपनी:** 2009 में स्थापित, बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड फूड-ग्रेड फ्लेक्सिबल इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (एफआईबीसी) बैग का उत्पादन और वितरण करती है। कंपनी विभिन्न प्रकार के अनुकूलन योग्य पैकेजिंग समाधान प्रदान करती है, जैसे एफआईबीसी बैग (जंबो बैग) और कंटेनर लाइनर्स की आठ विविधताओं वाले उत्पाद। अहमदाबाद के चांगोदर में कंपनी की विनिर्माण इकाई पैकिंग और पैकेजिंग सामग्री के लिए बीआरसी वैश्विक मानक को पूरा करती है और ग्रेड ए प्रमाणन प्राप्त कर चुकी है। कंपनी आईएसओ 9001:2015, आईएसओ 14001:2015 और आईएसओ 45001:2018 के साथ-साथ बीआरसी प्रमाणन से प्रमाणित है। कंपनी के उत्पाद कृषि, रसायन, निर्माण, खाद्य, फार्मास्यूटिकल्स और खनन जैसे उद्योगों को आपूर्ति किए जाते हैं।

**वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2021 में कंपनी ने कुल राजस्व 31.76 करोड़ रुपए एवं 63.53 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ,वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने कुल राजस्व 49.19 करोड़ रुपए एवं 1.72 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2023 में 38.95 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 1.21 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 46.50 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 3.55 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। कंपनी के वित्तीय परिणामों से स्पष्ट है कि कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 7.88 फीसदी दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की कुल असेट्स 32.36 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 9.34 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 3.80 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 6.34 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी का कर्ज नेटवर्थ से कम है। इस आधार पर कह सकते हैं कि कंपनी पर कर्ज भार अधिक नहीं है।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'बल्ककॉर्प इंटरनेशनल लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आज खुलकर 1 अगस्त को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली से 10 रुपए फेसवैल्यू के 19,78,800 शेयर 100 रुपए से 105 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 20.78 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 1200 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी स्वस्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**




| | |
|---|---|
| IPO Date | July 30, 2024 to August 1, 2024 |
| Listing Date | August 06, 2024 |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price Band | ₹100 to ₹105 per share |
| Lot Size | 1200 Shares |
| Total Issue Size | 1,978,800 shares (aggregating up to ₹20.78 Cr) |
| Fresh Issue | 1,978,800 shares (aggregating up to ₹20.78 Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| Share holding pre issue | 5,535,264 |
| Share holding post issue | 7,514,064 |
| Market Maker portion | 99,600 shares Sunflower Broking |

# जून तिमाही में कृष्णा फॉसकेम लिमिटेड का राजस्व 69.78 फीसदी की वृद्धि के साथ रहा 280.76 करोड़ रुपए

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** भीलवाड़ा आधारित ओस्तवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की एक इकाई कृष्णा फॉसकेम लिमिटेड ने 30 जून 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

कंपनी ने 29 जुलाई, 2024 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अन-ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। केपीएल ने उक्त तिमाही में गत वर्ष की समान तिमाही में अर्जित 165.36 करोड़ रुपए के मुकाबले 69.78 फीसदी अधिक 280.76 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। उक्त तिमाही में कंपनी ने गत वर्ष की समान तिमाही में अर्जित 11.89 करोड़ रुपए के मुकाबले 37.93 फीसदी अधिक 16.40 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने 2.65 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है, जबकि पिछले साल यह 1.92 था (बोनस इश्यू के समायोजन के बाद शेयरों के आंकड़े)। जून तिमाही में पिछले वर्ष ही शुरू हुए नए डीएपी/एनपीके संयंत्र की क्षमता उपयोग 65.6 फीसदी दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 35 फीसदी थी।

OSTWAL

## मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय- 5-ओ-21, बेसमेंट, आर.सी. व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) भारत
वेबसाइट: www.mbapl.com, ईमेल: Secretarial@mbapl.com
सीआईएन: L24121RJ1997PLC029126 दूरभाष नं. : 01482-237104, फैक्स नं. : 01482-239638

### 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 47(1)(बी)]

(रुपए लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2024 अनअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 30.06.2023 अनअंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से कुल आय | 20,194.08 | 15,449.24 | 15,008.78 | 82,793.66 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओ से पहले) | 1,795.99 | 770.38 | 1,242.60 | 5,226.82 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 1,795.99 | 770.38 | 1,242.60 | 5,226.82 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं व्यापक आय के बाद) | 1,148.60 | 137.70 | 723.81 | 2,484.49 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,148.60 | 127.62 | 723.81 | 2,474.41 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 8,762.69 | 8,762.69 | 4,381.35 | 8,762.69 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | - | | | 26,331.13 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) | | | | |
| | 1. मूल | 1.31 | 0.16 | 0.83 | 2.84 |
| | 2. तरल | 1.31 | 0.16 | 0.83 | 2.84 |

टिप्पणियां

1. 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 29 जुलाई 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया। यह सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 व सपठित इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों के अनुसार हैं।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का सार है। त्रैमासिक वित्तीय का पूर्ण प्रारूप परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते/-
(सौरभ गुप्ता)
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीएफओ
डीआईएन 07177647

स्थान: भीलवाड़ा
दिनांक: 29 जुलाई, 2024

# आज खुलेगा 'सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड' का आईपीओ

## निवेशक 1 अगस्त तक कर सकेंगें कंपनी के आईपीओ में आवेदन

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** चेन्नई आधारित 'सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड' इमारतों और बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए ईपीसी सेवाएं प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी द्वारा कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आईपीओ लाया जा रहा है। कंपनी का आईपीओ आज खुलकर 1 अगस्त को बंद होगा।

**यह करती है कंपनी:** 2013 में स्थापित, सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड, जिसे पहले लोहट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, इमारतों और बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए विशेष इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाएं प्रदान करती है। सथलोखर सिनर्जिस औद्योगिक, गोदाम, वाणिज्यिक, संस्थागत और फार्मास्युटिकल परियोजनाओं, सौर परियोजनाओं, अस्पतालों, होटलों, रिसॉर्ट्स और विला आदि के लिए निर्माण सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी निर्माण परियोजनाओं में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग नेटवर्क की स्थापना भी प्रदान करती है।

**वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2022 में कंपनी ने कुल राजस्व 58.51 करोड़ रुपए एवं 87.87 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ, वित्त वर्ष 2023 में 87.15 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 5.45 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 247.32 करोड़ रुपए का राजस्व एवं 26.21 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन 10.61 फीसदी दर्ज किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की कुल असेट्स 104.82 करोड़ रुपए, नेटवर्थ 40.53 करोड़ रुपए, रिजर्व एंड सरप्लस 38.53 करोड़ रुपए और कुल कर्ज 7.92 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कंपनी पर कर्ज ना के बराबर है।

**आईपीओ के संबंध में जानकारी:** 'सथलोखर सिनर्जिस ई एंड सी ग्लोबल लिमिटेड' का आईपीओ एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर आज खुलकर 1 अगस्त 2024 को बंद होगा। कंपनी द्वारा बुक बिल्ट इश्यू प्रणाली के माध्यम से 10 रुपए फेसवैल्यू के 66,38,000 शेयर 133 रुपए से 140 रुपए प्रति शेयर के भाव पर जारी कर 92.93 करोड़ रुपए जुटाए जा रहे हैं। आईपीओ का मार्केट लॉट साइज 1000 शेयरों का है। आईपीओ का प्रबंधन प्रमुख लीड मैनेजर कंपनी जीवाईआर कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**




| | |
|---|---|
| IPO Date | July 30, 2024 to August 1, 2024 |
| Listing Date | [.] |
| Face Value | ₹10 per share |
| Price Band | ₹133 to ₹140 per share |
| Lot Size | 1000 Shares |
| Total Issue Size | 6,638,000 shares (aggregating up to ₹92.93 Cr) |
| Fresh Issue | 6,638,000 shares (aggregating up to ₹92.93 Cr) |
| Issue Type | Book Built Issue IPO |
| Listing At | NSE SME |
| Share holding pre issue | 17,499,992 |
| Share holding post issue | 24,137,992 |
| Market Maker portion | 600,000 shares Giriraj Stock Broking |

OSTWAL

## कृष्णा फोसकेम लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 5-ओ-20,बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) भारत
वेबसाइटः www.krishnaphoschem.com, ई-मेलः secretarial@krishnaphoschem.com
सीआईएनः L24124RJ2004PLC019288

### 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(REGULATION 47(1)(b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2024 अन-अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित | 30.06.2023 अन-अंकेक्षित | 31.03.2024 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से आय | 28,161.49 | 26,398.99 | 16,632.35 | 92,484.31 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 2,268.31 | 672.49 | 1,776.99 | 5,906.93 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 2,268.31 | 672.49 | 1,776.99 | 5,906.93 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं व्यापक आय के बाद) | 1,641.08 | 559.48 | 1,188.11 | 4,044.29 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,641.08 | 547.65 | 1,188.11 | 4,032.46 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 6,182.76 | 6,182.76 | 3,091.38 | 6,182.76 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | | | | 23,876.31 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) (बिना वार्षिककृत के) | | | | |
| | 1. मूल | 2.65 | 0.90 | 1.92 | 6.54 |
| | 2. तरल | 2.65 | 0.90 | 1.92 | 6.54 |

टिप्पणियां:

1. 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 29 जुलाई, 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 और सपठित जारी प्रासंगिक नियमों में वर्णित है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के विस्तृत वित्तीय परिणामों का एक उद्धरण है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल की आज्ञानुसार
कृष्णा फॉसकेम लिमिटेड के लिए
कृते/-
(महेंद्र कुमार ओस्तवाल)
डीआईएनः 00412163

स्थानः भीलवाड़ा
दिनांकः 29 जुलाई, 2024

# एडविक कैपिटल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में शानदार कमाई की घोषणा की, शुद्ध लाभ में 236% की सालाना वृद्धि

**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** उभरती हुई गैर- डिपोजिट (जमाती) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) एडविक कैपिटल लिमिटेड ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए शानदार कमाई की घोषणा की है। 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशन से आय 22779 लाख रुपये दर्ज की, जिसमें सालाना आधार पर 49% की वृद्धि हुई। प्रोफिट बीफॉर टैक्स में सालाना आधार पर 201% की वृद्धि हुई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 101.18 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 304.77 लाख रुपये हो गई। शुद्ध लाभ में भी तिगुनी वृद्धि दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 69.87 लाख रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 234.97 लाख रुपये हो गई।

## वैभव ग्लोबल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : के-6बी, फतेह टीबा, आदर्श नगर, जयपुर-302004
फोन : 91-141-2601020; CIN : L36911RJ1989PLC004945
ई-मेल : investor_relations@vaibhavglobal.com; वेबसाइट : www.vaibhavglobal.com

### अंतरिम लाभांश के उद्देश्य के लिए रिकॉर्ड तिथि की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के प्रावधानों व इसके तहत बनाये गये नियमों एवं सेबी विनियमों के अनुसार सूचित किया जाता है कि गुरूवार, 1 अगस्त, 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु घोषित अंतरिम लाभांश के उद्देश्य से रिकॉर्ड तिथि शनिवार, 10 अगस्त, 2024 होगी। उपरोक्त अंतरिम लाभांश घोषित करने की तारीख से 30 दिनों के भीतर जमा/प्रेषित किया जाएगा।

सेबी ने निर्धारित किया है कि सभी सूचीबद्ध कंपनियां शेयर धारकों को भुगतान करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष भुगतान, एनईएफटी, आरटीजीएस, 'पेयबल-एट-पार' वारंट्स/ चैक्स इत्यादि के भुगतान के लिए अनुमोदित माध्यम का उपयोग करेगी। सभी शेयर धारकों से अनुरोध है कि वे तुरन्त अपने बैंक खाता संख्या को कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेन्ट या डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपडेट करें।

समय पर सूचना प्राप्त करने के लिए कृपया अपनी नवीनतम ई-मेल आईडी को कंपनी/ डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकृत करें।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाईट अर्थात् www.vaibhavglobal.com और स्टॉक एक्सचेज की वेबसाईट अर्थात् www.bseindia.com और www.nseindia.com पर भी उपलब्ध है।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 29 जुलाई, 2024

कृते वैभव ग्लोबल लिमिटेड
हस्ताक्षर
सुशील शर्मा ( कंपनी सचिव )
FCS: 6535

• यह सूचना अंग्रेजी प्रारूप का रूपांतरण है।

## ब्रीफ न्यूज

### इंटरनेशनल फ्लाइट्स में फ्री वाई-फाई सर्विस देने वाली पहली इंडियन एयरलाइन बनी विस्तारा

**नई दिल्ली@एजेंसी।** टाटा ग्रुप की विस्तारा एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्री वाई-फाई सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। एयरलाइन की ओर से यह जानकारी दी गई। विस्तारा द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया कि एयरलाइन की ओर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 20 मिनट की फ्री वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी। 20 मिनट के फ्री वाई-फाई की सुविधा कंप्लीमेंट्री होगी। इसकी मदद से यात्री आसानी से अपने प्रियजनों के साथ यात्रा के दौरान जुड़े रह सकते हैं। वहीं, ज्यादा समय तक वाई-फाई उपयोग करने के लिए भारतीय क्रेडिट और डेबिट कार्ड से प्लान खरीदने होंगे। यह सर्विस बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और एयरबस ए321नियो एयरक्राफ्ट पर उपलब्ध होगी। इसमें ग्राहक ईमेल पर आए ओटीपी की मदद से इनफ्लाइट वाई-फाई का उपयोग कर सकते हैं। विस्तारा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर ने कहा कि हमें विश्वास है कि ग्राहक हमारे इस प्रयास को पसंद करेंगे। इससे उनकी यात्रा पहले के मुकाबले अधिक सुविधाजनक होगी। बिजनेस क्लास और विस्तारा प्लेटिनम क्लब के सदस्यों को 50 एमबी कंप्लीमेंट्री वाई-फाई दिया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि गैर-सदस्यों को अनलिमिटेड डेटा के साथ व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप उपयोग करने के लिए 372.74 रुपये के साथ जीएसटी का भुगतान करना होगा। उड़ान के दौरान इंटरनेट सर्फिंग, सोशल मीडिया और वेब के उपयोग के लिए 1,577.54 रुपये समेत जीएसटी चुकाना होगा। वहीं, अनलिमिटेड डेटा के साथ सभी स्ट्रीमिंग का उपयोग करने के लिए 2,707.04 रुपये समेत जीएसटी का भुगतान करना होगा। विस्तारा ने आगे कहा कि एयरलाइन में फ्लाइट के दौरान 700 घंटों का इन-फ्लाइट इंटरटेनमेंट पैकेज ऑफर किया जाता है। इसमें मूवी, टीवी शो और ऑडियो टाइटल्स शामिल हैं।

### इंडियन स्टार्टअप्स के लिए फंडिंग पाना अब होगा Easy

**नई दिल्ली@एजेन्सी।** एंजेल टैक्स समाप्त होने से विदेशी निवेशकों से टैक्स का बोझ हट जाएगा और इससे भारतीय स्टार्टअप के लिए फंड्स का सूखा खत्म हो जाएगा। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की ओर से यह जानकारी दी गई। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से भी कहा गया है कि एंजेल टैक्स के हटने से फंड्स की पाइपलाइन में सुधार होगा। 2023 में भारत में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल इन्वेस्टमेंट्स 39 अरब डॉलर था, जो 2022 में 62 अरब डॉलर था। बता दें, एंजेल टैक्स, सरकार द्वारा विदेशी निवेशकों पर लगाया जाता है। रेजरपे के चीफ फाइनेंसियल ऑफिसर ने कहा कि कई चुनौतियों के बाद भी स्टार्टअप इकोसिस्टम ने देश की जीडीपी में काफी योगदान दिया है और भारत को विश्व पटल पर लाने में अहम भूमिका निभाई है। सरकार के इस कदम से भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम को काफी बूस्ट मिलेगा। स्टार्टअप के नेतृत्व में भारत वैश्विक इनोवेशन हब बन पाएगा। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के मुताबिक, भारतीय टेक स्टार्टअप ने जनवरी से जून के बीच 4.1 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है, जो कि 2023 की दूसरी छमाही में जुटाए गए 3.96 अरब डॉलर से 4 प्रतिशत ज्यादा है। फंडिंग पाने में भारत के टेक स्टार्टअप दुनिया में चौथे स्थान पर थे। कोगो के को-फाउंडर और सीईओ ने कहा कि निवेशकों पर से एंजेल टैक्स हटाने से भारत में स्टार्टअप फंडिंग का सूखा समाप्त होगा। अब ज्यादा संख्या में भारतीय स्टार्टअप विदेशी निवेश प्राप्त कर सकेंगे। इससे बड़ी मात्रा में नौकरियां भी पैदा होंगी। व्हाटफिक्स के को-फाउंडर और सीईओ ने कहा कि एंजेल टैक्स हटाना एक काफी महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्टार्टअप के लिए फंड्स का सूखा खत्म होगा। साथ ही कहा कि विदेशी निवेश और बाहर निवेश करने के नियमों को आसान बनाने और भारतीय रुपये को प्रमोट करने से निवेशकों का विश्वास और बढ़ेगा।

### इंडिया में स्टार्टअप्स ने क्रिएट किए 15.5 लाख डायरेक्ट जॉब्स

**नई दिल्ली@आईएएनएस।** केंद्र सरकार ने कहा कि देश में सरकार से पहचान प्राप्त कर चुके स्टार्टअप ने मिलकर अब तक 15.5 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार के मौके सृजित किए हैं। सरकार की ओर से बीते एक दशक में देश में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (एमएसडीई) ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) की ओर से 1,40,803 स्टार्टअप की पहचान की गई है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) को लागू किया है। इसके तहत उद्योगपतियों को नए एंटरप्राइजेज गैर-कृषि क्षेत्र में सेट अप करने में मदद करना है। इसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शहरी एवं ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस स्कीम की शुरुआत से अब तक 9.69 लाख सूक्ष्म एंटरप्राइजेज को 25,500 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है और इन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर 79 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। मंत्रालय की ओर से अगले दो वित्त वर्ष में (2024-25 और 2025-26) 1.6 लाख नए एंटरप्राइजेज सेटअप करने की योजना बनाई गई है।

# Out-of-Home स्नैकिंग में इंडियंस हैं अव्वल

**मुम्बई@एजेन्सी**

यह कहने में तो कोई शक नहीं है कि हम भारतीय स्वास्थ्य और पोषण से कहीं ज्यादा स्वाद को प्राथमिकता देते हैं। यही वह कारण है कि देश में आउट-ऑफ होम स्नेक्स कन्जम्पशन बढ़ रहा है। ग्लोबल एवरेज से यह तीन गुना तेजी से बढ़ रहा है। आउट-ऑफ होम स्नेक्स एंड बेवेरेजेज कन्जम्पशन अप्रेल तक 44 प्रतिशत बढ़ा, जबकि ग्लोबल एवरेज 14 फीसदी रहा। मार्केट ट्रेकिंग फर्म कंतार की रिपोर्ट के अनुसार आउट-ऑफ होम प्रोडक्ट्स जैसे सॉफ्ट ड्रिंक्स, ज्यूस, बिस्कुट, चॉकलेट, सॉल्टी स्नेक्स आदि का आउटसाइड उपयोग 30 से 56 प्रतिशत बढ़ा है। जहां तक कन्ज्यूमर्स की संख्या का सवाल है तो वह करीब दस प्रतिशत बढ़ी है। इससे यह पता चलता है कि इंडियंस बाहर फेवरेट ट्रीट्स लेना पसंद करते हैं।

पारले प्रोडक्ट्स के सीनियर कैटेगरी हैड ने कहा कि स्माल पैक्स में स्नेक्स प्रोडक्ट्स उपलब्ध हो जाते हैं और ऐसे में यह इम्पल्सिव बाइंग की श्रेणी में आते हैं। कन्ज्यूमर्स की जेब पर भी भारी नहीं पड़ते। गत वर्ष 90 प्रतिशत कन्ज्यूमर्स ने बिस्कुट या कुकीज का उपयोग कम से कम एक बार तो किया और ऐसे में यह देश में सबसे ज्यादा कन्ज्यूम की जाने वाली कैटेगरी बनी। रिपोर्ट के अनुसार हर कैटेगरी का प्रोडक्ट घर और बाहर अलग प्रकार से कन्ज्यूम किया जाता है। जैसे कि बिस्कुट का उपयोग घर में दो बार, जबकि सॉल्टी स्नेक्स का उपयोग घर हो या बाहर एक समान ही कन्ज्यूम किया गया। चॉकलेट्स, ज्यूस और आइसक्रीम का उपयोग आउट ऑफ होम ज्यादा होता है।



कंतार के वर्ल्डपैनल डिविजन के साउथ एशिया मैनेजिंग डायरेक्टर के अनुसार आउट ऑफ होम चार में से एक परचेज स्नेक्स की होती है। खपत की बात करें तो यह इवनिंग टाइम में ज्यादा होती है। गत वर्ष फूड सेफ्टी, की बात काफी की गई और कम्पनियों का यह कहना था कि यदि सही मात्रा में लिया जाये तो हानि नहीं है। एचयूएल के अनुसार वे ग्लोबली नमक, चीनी, सैचूरेटेड फैट, कैलीरी पर सर्विंग पर सख्त हैं और हैल्दी चॉइस देने पर फोकस करते हैं। पोर्शन कंट्रोल काफी महत्वपूर्ण है। 67 प्रतिशत कन्ज्यूमर्स ने कहा कि स्नेक्स कन्ज्यूम करने में मात्रा का ध्यान रखते हैं। दस में से सात ने यह बात कही। भारत में स्नेकिंग के लिये मूड बूस्ट, रिलेक्सेशन और न्यूट्रीशनल जरूरत तीन टॉप मोटीवेटर्स हैं।


**आउट ऑफ होम सेल्स ग्रोथ**

| | |
|---|---|
| ग्लोबल एवरेज | 14 प्रतिशत |
| इन्डिया | 44 प्रतिशत |
| ब्राजील | 31 प्रतिशत |
| ब्रिटेन | 18 प्रतिशत |
| फ्रांस | 11 प्रतिशत |
| मैक्सिको | 9 प्रतिशत |
| चीन | 9 प्रतिशत |
| इंडोनेशिया | 0 |
| स्पेन | -1 प्रतिशत |
| थाईलैंड | -1 प्रतिशत |

## Data Insights

### Cost of an average wedding across the Globe.

**In India, cost of an average wedding is ~$25K (4th highest in the world)**




Compiled by **Nafanuksan Research**

# हाइड्रोजन होगा रेलवे का फ्यूचर

**नई दिल्ली@आईएएनएस।** केंद्र सरकार की ओर से भारतीय रेलवे के कायाकल्प के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। इसमें सुरक्षा बढ़ाने के लिए कवच सिस्टम लगाने से लेकर नई टेक्नोलॉजी जैसे हाइड्रोजन भी शामिल है। रेलवे बोर्ड के सदस्य ने कहा कि भारत इस साल अपनी पहली हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन शुरू कर देगा और वर्ष 2047 तक ऐसी ट्रेनों की संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि रेलवे लगातार सुरक्षा को बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है। 16 जुलाई को कवच के चौथे वर्जन का अंतिम विनिर्देश कर लिया गया है। अब हम इसे पूरे देश में लागू करने जा रहे हैं। 1,400 किलोमीटर के ट्रैक पर काम पूरा हो चुका है। दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा के 3,000 किलोमीटर के लिए बोलियां स्वीकार की जा रही हैं। बजट 2024-25 में रेलवे को 2,62,200 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें से करीब 1.08 लाख करोड़ रुपये केवल सुरक्षा बढ़ाने के लिए उपयोग किए जाएंगे।



आगे कहा कि गति शक्ति के आने से काम की रफ्तार में इजाफा हुआ है। अब सालाना 70 से 80 प्रोजेक्ट अप्रूव किए जा रहे हैं, जिनकी संख्या पहले 7 से 8 थी। साथ ही बताया कि रेलवे प्रतिदिन 14.50 किलोमीटर ट्रैक का निर्माण कर रहा है। गत वर्ष 5,000 किलोमीटर के ट्रैक का निर्माण किया गया। उन्होंने बुलेट ट्रेन को लेकर कहा कि 2027 तक देश में पहली बुलेट ट्रेन देखने को मिल सकती है।

# कंटीन्यूअस नाइट ड्यूटी से परेशान हैं पायलेट्स

**नयी दिल्ली@पीटीआई।** विमान पायलट की थकान के प्रमुख कारणों में लगातार रात्रि उड़ानें, 10 घंटे से अधिक की उड़ान ड्यूटी अवधि और रोस्टर में बदलाव होना है। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ पायलट पर किए गए सर्वेक्षण पर आधारित इस अध्ययन में उनकी थकान के कारणों का विश्लेषण किया गया। इसमें उनके कामकाज की वजह से थकान के कारकों के आपसी प्रभाव का पता लगाया गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 84 प्रतिशत पायलट शिफ्ट में बदलाव की गति और उसकी दिशा से चिंतित हैं। वहीं 83 प्रतिशत लगातार रात की उड़ानों के कारण थकान को लेकर चिंतित हैं। इसके अलावा, अध्ययन में पाया गया कि 81 प्रतिशत पायलट इस बात से चिंतित हैं कि कम से कम आराम और बिना अंतराल वाली उड़ानों से उन पर थकान का अधिक गहरा असर पड़ता है। सर्वेक्षण में 70 प्रतिशत पायलट का कहना था कि 10 घंटे से अधिक की उड़ान ड्यूटी अवधि उनको थकाने वाली होती है। नासा और ईएएसए वैज्ञानिक अध्ययनों ने अधिकतम 10 घंटे की उड़ान ड्यूटी अवधि की सिफारिश की है। इसके अलावा, लगभग 76 प्रतिशत पायलट ने माना कि सप्ताह के आगे बढ़ने के साथ उड़ान ड्यूटी अवधि और 'लैंडिंग' में वृद्धि उनको और थका देती है। ऑनलाइन सर्वेक्षण 16-22 जुलाई के बीच किया गया, जिसमें 530 पायलट को शामिल किया गया। इनमें से अधिकांश मध्यम दूरी की उड़ानों के संचालन में महत्वपूर्ण समय बिताने वाले



## बुकमाईकार्गो की बी2सी लॉजिस्टिक श्रेणी में एंट्री

**नयी दिल्ली@पीटीआई।** लॉजिस्टिक कंपनी बुकमाईकार्गो ने बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए घरेलू 'बिजनेस-टू-कंज्यूमर' (बी2सी) कैटेगरी में प्रवेश किया है। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2029-30 तक उसका 100 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य है। गुरुग्राम स्थित बुकमाईकार्गो (बीएमसी) की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी और कंपनी अभी तक थोक (बी2बी) खंड में कारोबार कर रही थी। कंपनी मुख्य रूप से एफएमसीजी, उपभोक्ता सामान और फार्मा जैसे क्षेत्रों में ग्राहकों को सेवा दे रही है। बुकमाईकार्गो फाउंडर जेडी यादव ने कहा कि वर्ष 2016 तक, उसी दिन आपूर्ति की मांग एक प्रतिशत से भी कम थी, जबकि 2025 तक इसके 22 प्रतिशत होने का अनुमान है। हमने इस वृद्धि का लाभ उठाने और अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए बी2सी खंड में प्रवेश किया है।

OGI OSTWAL

## कृष्णा फोस्केम लिमिटेड

अन्नदाता

पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-20, बेसमेंट, आर सी व्यास कॉलोनी भीलवाडा - 311001 राजस्थान
सीआईएन - L24124RJ2004PLC019288
ई मेल secretarial@krishnaphoschem com वेबसाइट : www krishnaphoschem com

**30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

[Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR ) Regulations, 2015] (रु. लाखो में राशि )

| S' No. | Particulars | समाप्त तिमाही 30.06.2024 गैर अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.03.2024 अंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2023 गैर अंकेक्षित | समाप्त वार्षिक वर्ष 31.03.2024 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से आय | 28,161.49 | 26,398.99 | 16,632.35 | 92,484.31 |
| 2. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 2,268.31 | 672.49 | 1,776.99 | 5,906.93 |
| 3. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 2,268.31 | 672.49 | 1,776.99 | 5,906.93 |
| 4. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 1,641.08 | 559.48 | 1,188.11 | 4,044.29 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 1,641.08 | 547.65 | 1,188.11 | 4,032.46 |
| 6. | समता अंश पूँजी | 6,182.76 | 6,182.76 | 3,091.38 | 6,182.76 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूँजी | | | | 23,876.31 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए वार्षिकीकृत नहीं ) | | | | |
| | 1. मूल | 2.65 | 0.90 | 1.92 | 6.54 |
| | 2. तरल | 2.65 | 0.90 | 1.92 | 6.54 |

**टिपण्णी :**
1. उपरोक्त 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 29 जुलाई 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("इंड एस") के अनुसार तैयार किये गये हैं, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ें।
3. उपरोक्त सेबी के विनियमन 33 (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के तहत 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूपों के सार को स्टॉक एक्सचेंज को दाखिल गया है। तिमाही और नौमाही के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ताक्षरित /-
**महेंद्र कुमार ओस्तवाल**
DIN: 00412163

स्थान- भीलवाडा
तिथि-29-07-2024

# महिंद्रा हॉलीडेज को 2024-25 में रूम बुकिंग 85 प्रतिशत रहने की उम्मीद

**नयी दिल्ली@एजेन्सी**

महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) को चालू वित्त वर्ष में अपने सदस्यों की ओर से कमरों की बुकिंग 85 प्रतिशत के स्तर पर रहने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा है कि कम अवधि की छुट्टियों की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच हम सतत बुकिंग की उम्मीद कर रहे हैं। कंपनी ने पहली तिमाही में अपने रिजॉर्ट्स में करीब 90 प्रतिशत की बुकिंग दर्ज की है, लेकिन दूसरी तिमाही कुछ नरम रहने की संभावना है। पहली तिमाही सबसे अच्छी रही है। दूसरी तिमाही में गिरावट आएगी, तीसरी तिमाही में मांग फिर बढ़ेगी। कुल मिलाकर हम वित्त वर्ष के दौरान 85 प्रतिशत की बुकिंग की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार अत्यधिक गर्मी तथा लोकसभा चुनावों की वजह से हॉस्पीटेलिटी इंडस्ट्री व्यापक रूप से प्रभावित हुई है, लेकिन महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया के लिए यह कोई मुद्दा नहीं है।

हमारे लिए यह इतना बड़ा मुद्दा नहीं है क्योंकि हमारे लिए पूरे सीजन में सदस्यों की मांग स्थिर रहती है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि और लोगों की खर्च करने की बढ़ती प्रवृत्ति, बेहतर हवाई और सड़क संपर्क जैसे कारक लोगों को परिवार को छुट्टियां पर ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, जिससे कमरों की बुकिंग बढ़ रही है। हम यह भी देख रहे हैं कि छुट्टियां 'छोटी' हो रही हैं। अब लोग सात दिन की छुट्टी लेने के बजाय तीन या चार दिन की छुट्टी ले रहे हैं। विस्तार योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा इरादा अब से लेकर 2029-30 तक 5,000 रूम जोड़ने का है। हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इससे पहले इसी साल कंपनी ने अगले तीन से चार साल में अपने कमरों की संख्या दोगुना कर 10,000 करने के लिए 4,500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी।

